प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 10.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राज़ील और नामीबिया की पाँच देशों की यात्रा के बाद आज नई दिल्ली लौट आए हैं प्रधानमंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान भारत के साथ संबंधों को और मज़बूत करने के लिए इन देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत कीं श्री मोदी ने रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी भाग लियां इन यात्राओं का उद्देश्य वैश्विक दक्षिण में भारत के संबंधों को मज़बूत करना, अटलांटिक के दोनों ओर साझेदारी को मज़बूत करना और ब्रिक्स, अफ्रीकी संघ, इकोवास और कैरीकॉम जैसे बहुपक्षीय मंचों पर संबंधों को मजबूत करना थां

00000

गुरूपूर्णिमा के अवसर पर आज प्रदेशभर में गुरूओं के वंदन में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं राज्य सरकार की ओर से विभिन्न जिलों में धर्म गुरुओं का सम्मान किया जा रहा हैं कार्यक्रम में मंत्री, विधायक, जिला कलक्टर या उनके द्वारा नामित अधिकारी उपस्थित रहकर गुरुजन का सम्मान कर रहे हैं इस मौके पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज भरतपुर के लुधावई स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और मंदिर के संत का पूजन कर उनका वंदन कियां इससे पहले उन्होंने डीग के पूंछरी का लौठा में श्रीनाथ जी मंदिर में पूजा अर्चना की और वहां भी संतों का सम्मान कियां प्रदेश के लगभग सभी जिलों में गुरूओं की पूजा अर्चना की जा रही हैं डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में श्रद्धालु देव दर्शन के लिए आ रहे हैं वहीं शहर के रामबोला मठ में भी धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं जैसलमेर के प्राचीन गजरूप ठिकाना, बाईजी आश्रम सहित मठों में हवन का आयोजन किया जा रहा हैं सुबह से ही बडी संख्या में भक्त दर्शनों के लिए आ रहे हैं सवाईमाधोपुर, बारां और करौली में विभिन्न आश्रम और मठों में गुरूओं का वंदन किया जा रहा हैं शाम को भंडारे और प्रसादी के आयोजन होंगें

00000

अमरनाथ यात्रा के लिए सात हजार तीन सौ सात तीर्थयात्रियों का एक और जत्था आज जम्मू स्थित भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआं इनमें से तीन हजार 81 तीर्थयात्री बालटाल आधार शिविर और चार हजार दो सौ 26 तीर्थयात्री पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए, जहाँ से वे पवित्र अमरनाथ गुफा की आगे की यात्रा के लिए रवाना होंगें

00000

राजस्थान हज ट्रेनर्स की ओर से हज सफर 2026 के आवेदन के लिए जयपुर में आगामी रविवार को शिविर लगाया जायेगां ये शिविर हज हाउस में लगेगां 27 जुलाई को मोती डूंगरी रोड़ स्थित मुस्लिम मुसाफिर खाना में ऐसे ही अन्य शिविर का आयोजन होगां आवेदन के लिए पासपोर्ट साईज फोटो, पासपोर्ट, पैन कार्ड, आधार, केंसिल चेक और बैंक पासबुक जरूरी हैं ऑनलाइन आवेदन, हज कमेटी की वेबसाइट पर किए जा सकते हैं

00000

राजस्थान पुलिस भर्ती और पदोन्नति बोर्ड की ओर से कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 13 और 14 सितंबर को आयोजित की जाएगीं भर्ती परीक्षा दस हजार पदों के लिए होगीं बोर्ड के एडीजी बिपिन कुमार पांडेय ने बताया कि कांस्टेबल जनरल ड्यूटी, ड्राइवर तथा आरएसी के पदों के लिए लगभग सवा चार लाख अभ्यर्थी और आईटी के लिए एक लाख अभ्यर्थी परीक्षा देंगें परीक्षा जिला मुख्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगीं

00000

प्रदेश में मॉनसून की बारिश का दौर बना हुआ हैं हनुमानगढ में सुबह से ही हल्की बारिश हो रही हैं इससे आमजन को उमस से राहत मिली हैं वहीं निचले इलाकों में पानी भरने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा हैं श्रीगंगानगर में सुबह रूक–रूक कर बारिश का दौर जारी रहां इस बीच पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम, वहीं पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं भारी से अतिभारी और पश्चिमी राजस्थान में एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई सबसे ज्यादा 16 सेंटीमीटर बारिश अजमेर के नसीराबाद मे रिकॉर्ड हुई कोटपूतली में 15, अजमेर और बहरोड में 11 फतेहपुर और अजमेर तहसील में 9 सेंटीमीटर बरसात दर्ज हुई मौसम विभाग ने आज जयपुर, अजमेर, कोटा, सीकर सहित 27 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं प्रदेश में 13 जुलाई तक वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना हैं

00000